स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने में नागरिकों की सहभागिता जरूरी : महापौर

स्वच्छता पोस्टर से नहीं, व्यवहार परिवर्तन से संभव : अजय सिन्हा

नव भारत न्यूज

इंदौर. शनिवार को सिटी बस ऑफिस में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन किया गया. इसके तहत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के क्रियान्वयन करने को लेकर चर्चा हुई.

सिटी बस ऑफिस में स्वच्छता कार्यशाला में महापौर पुष्यमित्र भार्गव और फीडबैक फाउंडेशन के सीईओ अजय सिन्हा ने स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और जनभागीदारी पर विचार रखे. स्वच्छता को लेकर फीडबैक फाउंडेशन के सीईओ अजय सिन्हा ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ व्यवहार परिवर्तन से संभव है. होर्डिंग, पोस्टर और पेंटिंग लगाने से स्वच्छता नहीं आएगी. उन्होंने बताया कि दुनिया में हर बड़े परिवर्तन के पीछे कोई न कोई घटना या ट्रिगर होता है. यदि वर्ष 1994 में सूरत में प्लेग घटना नहीं होती तो संभवत: आज वह स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी शहर नहीं बन पाता. सिन्हा ने कहा कि देश में स्कूलों के पाठ्यक्रम और कक्षाओं में स्वच्छता का पाठ शामिल किया जाना चाहिए, ताकि नई पीढ़ी स्वच्छता को अपनाने से झिझके नहीं. सिन्हा ने सुझाव दिया कि जिस तरह देश में आईएएस, आईपीएस, जनप्रतिनिधियों और अन्य सेवाओं के अलग-अलग कैडर हैं, उसी प्रकार ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का भी एक समर्पित कैडर बनाया जाना चाहिए.

नागरिकों की सहभागिता जरूरी

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि स्थानीय स्वच्छता, कचरा प्रबंधन में नागरिकों की सहभागिता जरूरी है. इसके नियमों को जन जन से जोड़ कर स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने के लिए हर वर्ग की सहभागिता आवश्यक है. कार्यशाला में निगम पार्षदों और निगम स्वास्थ विभाग अधिकारियों मौजूद थे.

सोनम वांगचुक के समर्थन में छात्रों का प्रदर्शन

शिक्षा व्यवस्था में सुधार की उठाई मांग

इंदौर. शिक्षा व्यवस्था में सुधार, नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक प्रकरण की निष्पक्ष जांच तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर देशभर में चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच इंदौर के छात्रों ने भी अपनी आवाज बुलंद की. शहर के टंट्या भील चौराहे पर बड़ी संख्या में छात्र एकत्रित हुए और सोनम वांगचुक के समर्थन में प्रदर्शन किया.

छात्रों ने कहा कि सोनम वांगचुक शिक्षा से जुड़े मुद्दों और युवाओं के हितों को लेकर लगातार आवाज उठाते रहे हैं. उनका दावा है कि अनशन के 21वें दिन दिल्ली के जंतर-मंतर से पुलिस द्वारा उन्हें अस्पताल ले जाने की कार्रवाई के विरोध में इंदौर के छात्रों ने यह प्रदर्शन आयोजित किया. प्रदर्शनकारियों ने इसे लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांग रखने वाले व्यक्ति के प्रति सरकार का असंवेदनशील रवैया बताया.

80 करोड़ की सरकारी जमीन से हटाया अतिक्रमण

कागजों पर चल रहा अस्पताल अब ले सकता है मूर्त रूप

नव भारत न्यूज

इंदौर. शनिवार सुबह जिला प्रशासन और नगर निगम ने संयुक्त रूप से 80 करोड़ रुपए बाजार मूल्य की सरकारी जमीन अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की. उक्त सरकारी जमीन खजराना में 100 बिस्तरों वाले हॉस्पिटल की बताई जा रही है. पिछले 15 सालों से उक्त जमीन का खजराना हॉस्पिटल कागजों पर चल रहा था, जिसके मूर्त रूप लेने की संभावना बढ़ गई है.

कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर प्रशासन द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की मुहिम चलाई जा रही है। इसी क्रम में आज तहसील जूनी इंदौर के ग्राम खजराना स्थित सरकारी जमीन को नगर निगम एवं पुलिस के साथ अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई की गई।

कार्रवाई में खजराना की सरकारी जमीन सर्वे क्रमांक 435/1/1/1, रकबा 1.200 हेक्टेयर पर अतिक्रमण था। उक्त जमीन पर 7 पक्की दुकानें, 2 मकान, 50 से ज्यादा झोपड़ियां एवं अस्थाई टीन शेड बनाकर कब्जा कर रखा था, जिसको आज सुबह हटा दिया गया। उक्त कार्रवाई से करीब 80 करोड़ रुपए बाजार मूल्य की बेशकीमती जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराई गई । अभी तक कागजों पर संचालित अस्पताल का निर्माण होने की संभावना बढ़ गई है। कागजों पर संचालित अस्पताल अब मूर्त रूप ले लेगा तो क्षेत्रवासियों को सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने लगेगी।

उक्त कार्रवाई के दौरान एसडीएम जूनी इंदौर घनश्याम धनगर ,तहसीलदार राकेश सस्तिया, निगम भवन अधिकारी वैभव देवलासे रिमूवल प्रभारी बबलू कल्याने सहित राजस्व विभाग, नगर निगम तथा पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

राम बनकर रहमान करते हैं दोस्ती : विजयवर्गीय

लव जिहाद को लेकर छात्राओं को दी नसीहत

नव भारत न्यूज

इंदौर, 18 जुलाई. आज प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने लव जिहाद को लेकर लड़कियों को नसीहत दी. अपनी विधानसभा के एक स्कूल में उन्होंने छात्राओं से कहा कि कभी राम , कभी श्याम बन कर लड़के दोस्ती करते हैं और शादी तक पहुंच जाते है. बाद में मालूम पड़ता है कि असल में वो रहमान होता है. इसलिए लड़कों से सोच समझ कर दोस्ती करना चाहिए.

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अक्सर अपने बयानों से चर्चा में बने रहते हैं. आज अपनी विधानसभा एक में सरकारी स्कूल में 1 करोड़ 10 लाख के फर्नीचर और अन्य संसाधन भेंट करने पहुंचे थे.

दोस्ती सोच-समझकर ही करना चाहिए

मंत्री विजयवर्गीय ने छात्राओं से कहा कि पहले तो लड़को से दोस्ती नहीं करना चाहिए. फिर बोले कि यदि करना भी है तो सोच समझ कर करना. आज कल राम और श्याम बनकर मुस्लिम लड़के लव जिहाद कर रहे हैं. राम और श्याम बनकर फंसाते है और बाद में रहमान निकलते हैं. इससे बचने की जरूरत है, ये लोग विधर्मी है. विजयवर्गीय ने छात्राओं से कहा कि इस बार राखी पर भगवान को राखी बांध देना , लेकिन नशा करने वाले भाई को राखी मत बांधना. शर्त रखना कि नशा करना छोड़ोगे तो अगले साल बांधेंगे.

कर्मा आईएएस का स्थापना दिवस मनाया

इंदौर. एमपीपीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की गुणवत्तापूर्ण तैयारी कराने वाले कर्मा आईएएस कोचिंग, इंदौर ने 10 जुलाई को सफलतापूर्वक एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया.

कार्यक्रम में संस्थान के डायरेक्टर अमित तिवारी, अभिनव सिंह एवं उमाकांत दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे. कार्यक्रम में संस्थान की फैकल्टी के सदस्य अवनीश दुबे, किशोर सर, दिनेश सिंह, सौरभ नामदेव, महेंद्र पाटीदार, प्रदीप देशलहरे, अशोक सर, सागर यादव तथा संस्थान के सहयोगी अनीत, अंकित, प्रांजल, प्रवीण गुप्ता, राम परमार, जितेंद्र कुमार वर्मा, तुषार पाटिल, मधुसूदन व्यास, अजय ठाकुर, दिलीप, सौरभ, अनिल सोलंकी, शुभम तिवारी, राशि सिसोदिया, अनुराधा शर्मा, लक्ष्मी मैडम, नाजिया नाज़ एवं पूर्णिमा सिंह उपस्थित रहे. संस्थान की टेक्निकल टीम के गणेश सर एवं कार्तिक का कार्यक्रम के सफल आयोजन में विशेष सहयोग रहा. संस्थान के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था संस्थान की एच.आर. एवं एडमिन भावना पंडित तथा प्रबंधक श्रीकांत कट्टे ने संभाली.

एक नजर में

बच्चों ने की इंद्रदेव को मनाने की कोशिश

इंदौर . शहर में मानसून की धीमी रफ्तार और बारिश की जरूरत को देखते हुए पोद्दार स्कूल के बच्चों ने अनोखे अंदाज में इंद्रदेव को मनाने का प्रयास किया. 'मानसून मैजिक' कार्यक्रम के तहत बच्चों ने वर्षा गीतों, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अच्छी बारिश की कामना की. रिमझिम फुहारों के बीच बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था. उनकी मासूम पुकार और उमंग भरे प्रदर्शन ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया.

एक्सिस बैंक और गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन की नई पहल

इंदौर . एक्सिस बैंक ने गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं. इस साझेदारी के तहत बेंगलुरु में एक्सिस बैंक-गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन द परफॉर्मेंस इंस्टीट्यूट (एजीटीपीआई) की स्थापना की जाएगी. यह अपनी तरह की एक अनूठी पहल है, जिसका उद्देश्य खेल विज्ञान, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देकर भारत की खेल क्षमताओं को मजबूत करना तथा भारतीय खेलों के दीर्घकालिक विकास को गति देना है. एक्सिस बैंक के ग्रुप हेड- होलसेल बैंक कवरेज, कॉर्पोरेट सैलरी, सस्टेनेबिलिटी एवं सीएसआर, विजय मुलबागल ने कहा भारतीय खेल आज एक ऐसे दौर में हैं, जहां वैश्विक स्तर पर लगातार बेहतर प्रदर्शन करने के लिए केवल प्रतिभा और प्रशिक्षण ही पर्याप्त नहीं हैं. इसके लिए देश में खेल विज्ञान और खेल चिकित्सा की मजबूत व्यवस्था भी उतनी ही जरूरी है. आज भारत खेलों में लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है, लेकिन प्रदर्शन से जुड़े डेटा और मानकों के लिए हमें अब भी काफी हद तक विदेशी संसाधनों पर निर्भर रहना पड़ता है, जो हमेशा भारतीय खिलाड़ियों की जरूरतों और परिस्थितियों के अनुरूप नहीं होते. हमें गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन के साथ इस पहल का हिस्सा बनकर खुशी है.

पीडब्ल्यू ने नीट में छात्रों के प्रदर्शन का जश्न मनाया

इंदौर . शिक्षा कंपनी फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) ने नीट 2026 के अपने छात्रों के परिणाम साझा किए हैं, जिसमें कई छात्रों ने नीट की ऑल इंडिया रैंक में शीर्ष स्थान हासिल किए हैं. रविकांत दिवाकर (एआईआर 55), शिवांश आनंद (एआईआर152), दिव्यांश जायसवाल (एआईआर 173) और साक्षी कुमारी (एआईआर192) उन छात्रों में शामिल हैं जिन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया. इसके अलावा, इंदौर में छात्रों के बेहतरीन प्रदर्शन का जश्न मनाने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया. राम राठौड़ (एआईआर2953), रोमा ठाकेर (एआईआर4473) और नूर आलम सिद्दीकी (एआईआर5550) सहित अन्य छात्र शहर के फिज़िक्सवाला के बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रों में शामिल रहे. फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) के संस्थापक और सीईओ, अलख पांडे ने कहा जिन छात्रों ने आज अपनी सफलता हासिल की है, उन्होंने इसे पूरी मेहनत से कमाया है। और जो इस बार अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाए, उनसे मैं यही कहना चाहूंगा कि यह परीक्षा आपकी पूरी क्षमता या आपके भविष्य की पहचान नहीं है. आपके सामने आगे बढ़ने के कई अवसर हैं और यह सफर का केवल एक पड़ाव है.

टाटा प्ले बिंज पर वर्टिगो टीवी व भक्ति फ्लिक्स उपलब्ध

इंदौर . टाटा प्ले बिंज पर अब वर्टिगो टीवी और भक्तिफ्लिक्स भी देखे जा सकेंगे. यह नई पेशकश वन टेक मीडिया के साथ साझेदारी में उपलब्ध होगी. वर्टिगो टीवी टाटा प्ले बिंज शॉर्ट्स पर उपलब्ध हो गया है, जो विभिन्न श्रेणियों में छोटे नाटकों और लघु कहानियों के लिए एक समर्पित मंच है. वहीं, भक्तिफ्लिक्स एक आध्यात्मिक मंच है, जिस पर भक्ति और मनोरंजन का बेहतरीन मेल होता है. इसके साथ टाटा प्ले पर भक्ति की पेशकशों का विस्तार हुआ है। इन दोनों मंचों के कार्यक्रम ग्राहक एक ही सदस्यता के साथ देख सकेंगे. टाटा प्ले की यह नई साझेदारी ग्राहकों के लिए अपनी इच्छा की स्ट्रीमिंग सेवा और सामग्री को खोजना आसान बनाने के कंपनी के लक्ष्य के अनुरूप है. टाटा प्ले ने तेजी से लोकप्रिय होती नाटक और भक्ति शैलियों को शामिल करके अपने मंच पर मनोरंजन विकल्पों का विस्तार किया है, जिसके बाद सदस्यों को अपनी पसंद की सेवा प्राप्त करने के लिए अलग-अलग ऐप्स में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी.